## Extension lectures under Women cell.

Under the aegis of Women cell, Extension lectures were organised on 30/11/2022 and 01/12/2022 on the topic 'Women empowerment'. Principal, Dr. Rozy Gupta inaugurated the program and said that women need to make the society aware according to their status and prestige. Participating as the keynote speaker, Dr. Bijender, Associate professor, RKSD college, gave many suggestions to the girl students to recognize their power and maintain their self-esteem. He informed the girls students about legal aspects and use of helpline services

Manju
02/12/2022
Incharge
Women cell.

Principal
G.C. KTL


पानीपत, 2 दिसंबर, 2022 दैनिक जागरण

### छात्राओं को अपनी शक्ति को पहचानना चाहिए : प्रो. बिजेंद्र

जागरण संवाददाता, कैथल : डा. भीमराव आंबेडकर राजकीय महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में महिला सशक्तीकरण के बारे में दो दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या डा. रोजी गुप्ता ने किया। कहा कि महिलाओं को अपने पद व प्रतिष्ठा के अनुसार समाज को जागरूक करने की आवश्यकता है। अब महिलाएं शिक्षा के साथ-साथ आर्थिक तौर पर समृद्ध हो रही हैं, लेकिन अभी भी महिलाओं को एकजुट होकर राजनीतिक व प्रशासनिक कार्यों के लिए समय देना होगा, तभी महिलाएं अधिक सक्षम और समृद्ध होंगी व सम्मानजनक जीवन व्यतीत कर सकेंगी। इस व्याख्यान शिविर में मुख्यवक्ता के तौर पर शिरकत करते हुए आरकेएसडी कालेज के सहायक प्राध्यापक डा. बिजेंद्र ने छात्राओं को अपनी शक्ति को पहचाने व अपने आत्मसम्मान को बनाए रखने के लिए अनेक सुझाव दिए। महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका प्रो. मंजू ने बताया कि छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने व सम्मानित जीवन जीने बारे प्रेरित करने के लिए महिला प्रकोष्ठ के द्वारा समय समय पर व्याख्यान व शिविर का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर प्रो. विरेंद्र खटकड़, प्रो. मीना, प्रो. कृतिका, व डा. नेहा गर्ग उपस्थित रहे।

कैथल केसरी
शुक्रवार FRIDAY 2 दिसम्बर 2022

# छात्राओं को पहचानना चाहिए अपनी शक्ति को : प्रो. बिजेंद्र



राजकीय कालेज में आयोजित व्याख्यान शिविर के दौरान कालेज के विद्यार्थियों के साथ अपने विचार सांझा करते मुख्य वक्ता प्रो. बिजेंद्र। (मित्तल)

कैथल, 1 दिसम्बर (मित्तल) : डॉ. भीम राव अम्बेदकर राजकीय महाविद्यालय कैथल में कालेज के महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में महिला सशक्तिकरण के संदर्भ में 2 दिवसीय व्याख्यान शिविर का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कालेज की प्राचार्या डा. रोजी गुप्ता ने कहा कि महिलाओं को अपने पद व प्रतिष्ठा के अनुसार समाज को जागरूक करने की आवश्यकता है।

अब महिलाएं शिक्षा के साथ-साथ आर्थिक तौर पर समृद्ध हो रही हैं, लेकिन अभी भी महिलाओं को एकजुट होकर राजनीतिक व प्रशासनिक कार्यों के लिए समय देना होगा, तभी महिलाएं अधिक सक्षम और समृद्ध होंगी व सम्मानजनक जीवन व्यतीत कर सकेंगी।

इस व्याख्यान शिविर में मुख्य वक्ता के तौर पर शिरकत करते हुए आर.के.एस.डी. कालेज के सहायक प्राध्यापक डा. बिजेंद्र ने छात्राओं को अपनी शक्ति को पहचानने व अपने आत्म-सम्मान को बनाए रखने के लिए अनेक सुझाव दिए। उन्होंने छात्राओं को कानूनी पहलुओं व हैल्प लाइन सेवाओं के उपयोग के बारे में भी जानकारी दी।

महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका प्रो. मंजू ने बताया कि छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने व सम्मानित जीवन जीने बारे प्रेरित करने के लिए महिला प्रकोष्ठ के द्वारा समय-समय पर व्याख्यान व शिविर का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर प्रो. विरेंद्र खटकड़, प्रो. मीना, प्रो. कृतिका व डा. नेहा गर्ग आदि उपस्थित रहे।

पानीपत, शुक्रवार, 2 दिसंबर, 2022
दैनिक भास्कर

# छात्राओं को अपनी शक्ति को पहचानना चाहिए: प्रो. बिजेन्द्र

**कैथल** | शहर के सरकारी महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ की तरफ से महिला सशक्तिकरण के संदर्भ में दो दिवसीय व्याखान शिविर का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कॉलेज की प्राचार्या डॉ. रोजी गुप्ता ने कहा कि महिलाओं को अपने पद व प्रतिष्ठा के अनुसार समाज को जागरूक करने की आवश्यकता है। अब महिलाएं शिक्षा के साथ साथ आर्थिक तौर पर समृद्ध हो रही है। आरकेएसडी कॉलेज के सहायक प्राध्यापक डॉ. बिजेन्द्र ने छात्राओ को अपनी शक्ति को पहचाने व अपने आत्मसम्मान को बनाए रखने के लिए अनेक सुझाव दिए। महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका प्रो. मंजू ने बताया कि छात्राओ को आत्मनिर्भर बनाने व सम्मानित जीवन जीने बारे प्रेरित करने के लिए महिला प्रकोष्ठ के द्वारा समय समय पर व्याख्यान व शिविर का आयोजन किया जाता है। मौके पर प्रो. विरेन्द्र खटकड़, प्रो. मीना, प्रो. कृतिका, व डॉ. नेहा गर्ग आदि उपस्थित रहें।

शुक्रवार • 02.12.2022 03
amarujala.com/kaithal

# 'छात्राएं शक्ति पहचानें'

संवाद न्यूज एजेंसी

**कैथल।** राजकीय महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में महिला सशक्तिकरण के तत्वावधान में दो दिवसीय व्याखान शिविर का आयोजन हुआ। वीरवार को कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज प्राचार्या डॉ. रोजी गुप्ता ने किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपने पद व प्रतिष्ठा के अनुसार समाज को जागरूक करने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि अब महिलाएं शिक्षा के साथ आर्थिक तौर पर समृद्ध हो रही हैं लेकिन अभी भी उन्हें एकजुट होकर राजनैतिक व प्रशासनिक कार्यों के लिए समय देना होगा, तभी वे अधिक सक्षम और समृद्ध हो सकेंगी। मुख्य वक्ता के तौर पर शिरकत करते हुए आरकेएसडी कॉलेज के सहायक प्राध्यापक डॉ. बिजेंद्र ने छात्राओं को अपनी शक्ति को पहचाने व अपने आत्मसम्मान को बनाए रखने के लिए अनेक सुझाव दिए।

उन्होंने छात्राओं को कानूनी पहलुओं व हेल्पलाइन सेवाओं के उपयोग के बारे में जानकारी दी। महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका प्रो. मंजू ने बताया कि छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने के बारे में महिला प्रकोष्ठ की ओर से समय समय पर व्याख्यान व शिविर का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर प्रो. विरेंद्र खटकड़, मीना, कृतिका व डा. नेहा गर्ग मौजूद रही।

रोहतक, शुक्रवार, 2 दिसंबर 202
haribhoomi.com

खबर संक्षेप

# छात्राएं अपनी शक्ति को पहचानें : प्रो. बिजेन्द्र

**कैथल।** राजकीय महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में महिला सशक्तिकरण के संदर्भ में दो दिवसीय व्याखान शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कॉलेज की प्राचार्या डा. रोजी गुप्ता ने कहा कि महिलाओं को अपने पद व प्रतिष्ठा के अनुसार समाज को जागरूक करने की आवश्यकता है। अब महिलाएं शिक्षा के साथ साथ आर्थिक तौर पर समृद्ध हो रही है।

Date
Page No.

# Self defence training under Women cell
(02/12/2022, 05/12/2022 & 06/12/2022)

A 3 days self defence training was organised by Women cell of the college. While inagurating the camp, college principal Dr. Rozy Gupta said that in today's time, women want to walk step-by step with the means of men, for this all, they need to learn the tricks of self-protection, so that they can move fearlessly towards their goal. To teach the tricks of self protection to girls students in this camp, Wushu coach Kumari Rita Rani of District sports and Youth program officer, Kaithal participated with her team and taught the girl students to use different techniques for self-protection according to situation.

Manju
07/12/2022
Incharge
Women cell.

Principal
G.C. KTL.

**कैथल केसरी**

शनिवार SATURDAY 3 दिसम्बर 2022

## छात्राओं ने शिविर में सीखे आत्मरक्षा के गुर

कैथल, 2 दिसम्बर (मित्तल) : डा. भीम राव अम्बेदकर राजकीय महाविद्यालय कैथल में कालेज के महिला प्रकोष्ठ द्वारा 3 दिवसीय आत्म-सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का शुभारंभ करते हुए कालेज प्राचार्या डा. रोजी गुप्ता ने कहा कि आज के समय में महिलाएं पुरूषों के साथ कदम से कदम मिलाकर चलना चाहती हैं। सभी पहलुओं से आत्मनिर्भर बनना चाहती है। इन सबके लिए उन्हें आत्म-सुरक्षा के गुर सिखने की जरूरत है, जिससे वे निडर होकर अपने लक्ष्य की तरफकदम बढ़ा सकें।

शिविर में छात्राओं को आत्म सुरक्षा के गुर सिखाने के लिए जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी कैथल कार्यालय की वुशु प्रशिक्षिका कुमारी रीटा रानी ने अपनी टीम के साथ शिरकत की और छात्राओं को परिस्थिति के हिसाब से आत्म सुरक्षा के लिए भिन्न-भिन्न तकनीकों का प्रयोग करना सिखाया।

कालेज की छात्राओं ने भी एक-दूसरे के साथ उन तकनीकों का अभ्यास किया। शिविर की संयोजिका प्रो. मंजू ने प्रशिक्षिका कुमारी रीटा रानी और उनकी टीम का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डा. मीना, प्रो. रूपाली, प्रो. मीना व प्रो. अनु गर्ग आदि ने पूरा सहयोग दिया।

**दैनिक जागरण** पानीपत, 3 दिसंबर, 2022

## छात्राओं ने शिविर में सीखे आत्मरक्षा के गुर

राजकीय महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ के अंतर्गत तीन दिवसीय आत्मरक्षा शिविर का शुभारंभ किया। शिविर का शुभारंभ करते हुए प्राचार्या डा. रोजी गुप्ता ने कहा कि आज के समय में महिलाएं पुरुषों के साथ कदम से कदम मिलाकर चलना चाहती है। इन सबके लिए उन्हें आत्मसुरक्षा के गुर सीखने की जरूरत है। शिविर में छात्राओं को आत्म सुरक्षा के गुर सिखाने के लिए जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी, कैथल की वुशू प्रशिक्षिका कुमारी रीटा रानी ने अपनी टीम के साथ शिरकत की और छात्राओं को परिस्थिति के हिसाब से आत्म सुरक्षा के लिए भिन्न-भिन्न तकनीकों का प्रयोग करना सिखाया। शिविर की संयोजिका प्रो. मंजू रहीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में डा. मीना, प्रो. रूपानी, प्रो. मीना मौजूद थे।

**दैनिक भास्कर**

पानीपत, शनिवार 3 दिसंबर 2022 | 04

# छात्राओं ने शिविर में सीखे आत्म-सुरक्षा के गुर

भास्कर न्यूज | कैथल

सरकारी महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ के अंतर्गत 3 दिवसीय आत्म-सुरक्षा शिविर का शुभारंभ किया। शिविर का शुभारंभ करते हुए कॉलेज प्राचार्या डॉ. रोजी गुप्ता ने कहा कि आज के समय में महिलाएं पुरुषों के साथ कदम से कदम मिलाकर चलना चाहती हैं। सभी पहलुओं से आत्मनिर्भर बनना चाहती है। इन सबके लिए उन्हें आत्म-सुरक्षा के गुर सीखने की जरूरत है। जिससे वे निडर होकर अपने लक्ष्य की तरफ कदम बढ़ा सकें। शिविर में छात्राओं को आत्म सुरक्षा के गुर सिखाने के लिए जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी, कैथल की वुशु प्रशिक्षिका कुमरी रीटा रानी ने अपनी टीम के साथ शिरकत की और छात्राओं को परिस्थिति के हिसाब से आत्म सुरक्षा के लिए भिन्न-भिन्न तकनीकों का प्रयोग करना सीखाया। शिविर की संयोजिका प्रो. मंजू ने प्रशिक्षिका कुमारी रीटा रानी और उनकी टीम का धन्यवाद किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. मीना, प्रो. रूपाली, प्रो. मीना, प्रो. अनु गर्ग आदि ने पूरा सहयोग दिया।

बुधवार • 07.12.2022
अमर उजाला 04

# 'आत्मरक्षा के लिए हमेशा तैयार रहें'

संवाद न्यूज एजेंसी




आत्मरक्षा का महत्व बताती वुशू प्रशिक्षिका कुमारी रीटा रानी। संवाद

कैथल। राजकीय महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में चल रही तीन दिवसीय आत्म सुरक्षा शिविर का समापन हो गया। इस मौके पर कॉलेज की प्राचार्या डा. रोजी गुप्ता ने सभी छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज के युग में छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखने की बहुत जरूरत है। जिससे छात्राएं निडर होकर अपने भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए प्रयास कर सकें।

जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी, कैथल के कार्यालय से वुशू प्रशिक्षिका कुमारी रीटा रानी ने छात्राओं के आत्म सुरक्षा शिविर का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि महिलाएं हर समय अपनी सुरक्षा के लिए किसी अन्य पर निर्भर नहीं रह सकती। उन्हें अपनी सुरक्षा खुद करनी होगी। कुमारी रीटा रानी ने छात्राओं को आत्म सुरक्षा के गुर सिखाए और छात्राओं को प्रेरित किया की वह भी लड़कों से किसी भी रूप से कमजोर नहीं है। कार्यक्रम की संयोजिका प्रो. मंजू ने कुमारी रीटा रानी का धन्यवाद किया।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रो. मीना, प्रो. कृतिका, प्रो. अनुराधा, प्रो. विरेन्द्र खटकड़ आदि ने अपना पूरा सहयोग दिया।

रोहतक, शनिवार, 3 दिसंबर 2022
haribhoomi.com

## छात्राओं ने शिविर में सिखें आत्म-सुरक्षा के गुर

कैथल। राजकीय महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ के अंतर्गत तीन दिवसीय आत्म सुरक्षा शिविर का शुभारम्भ किया। शिविर का शुभारंभ करते हुए कॉलेज प्राचार्या डा. रोजी गुप्ता ने कहा कि आज के समय में महिलाएं पुरूषों के साथ कदम से कदम मिलाकर चलना चाहती है। सभी पहलुओं से आत्मनिर्भर बनना चाहती है। इन सब के लिए उन्हें आत्म-सुरक्षा के गुर सिखने की जरूरत है। जिससे वे निडर होकर अपने लक्ष्य की तरफ कदम बढ़ा सकें। शिविर में छात्राओं को आत्म सुरक्षा के गुर सिखाने के लिए जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी, कैथल की वुशु प्रशिक्षिका कुमारी रीटा रानी ने अपनी टीम के साथ शिरकत की और छात्राओं को परिस्थिति के हिसाब से आत्म सुरक्षा के लिए भिन्न-भिन्न तकनीकों का प्रयोग करना सिखाया। कॉलेज की छात्राओं ने भी एक दूसरे के साथ उन तकनीकों का अभ्यास किया। शिविर की संयोजिका प्रो. मंजू ने प्रशिक्षिका कुमारी रीटा रानी और उनकी टीम का धन्यवाद किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डा. मीना, प्रो. रुपाली, प्रो. मीना, प्रो. अनु गर्ग आदि ने पूरा सहयोग किया।

260

कैथल केसरी

बुधवार WEDNESDAY 7 दिसम्बर 2022

## आत्मरक्षा के लिए हमेशा तैयार रहें छात्राएं : रीटा



प्रशिक्षिका कुमारी रीटा छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाती हुई। (मित्तल)

कैथल, 6 दिसम्बर (मित्तल): डा. भीमराव अम्बेदकर राजकीय महाविद्यालय कैथल में कॉलेज के महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में आयोजित किए जा रहे 3 दिवसीय आत्मरक्षा शिविर का आज समापन हुआ। इस मौके पर कॉलेज की प्राचार्या डा. रोजी गुप्ता ने सभी छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज के युग में छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सीखने की बहुत जरूरत है, ताकि वे निडर होकर अपने भविष्य को उज्ज्वल बना सकें।

जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी कैथल के कार्यालय से वुशू प्रशिक्षिका कुमारी रीटा रानी ने छात्राओं को आत्मरक्षा शिविर का महत्व बताते हुए कहा कि आत्मरक्षा के लिए हमेशा तैयार रहने के लिए आत्मरक्षा के गुर सीखने की बहुत जरूरत है।

इस दौरान उन्होंने छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रो. मीना, प्रो. कृतिका, प्रो. अनुराधा व प्रो. विरेंद्र खटकड़ ने अपना सहयोग दिया।

दैनिक भास्कर
पानीपत, बुधवार 07 दिसंबर, 2022 | 04

## लड़कियां आत्मसुरक्षा के लिए हमेशा तैयार रहें: रीटा

कैथल | राजकीय महाविद्यालय कैथल में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में चल रहे 3 दिवसीय आत्म सुरक्षा शिविर का समापन हो गया। कॉलेज प्राचार्या डॉ. रोजी गुप्ता ने छात्राओं को कहा कि आज के युग में छात्राओं को आत्म सुरक्षा के गुर सीखने की बहुत जरूरत है। जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी कैथल के कार्यालय से वुशू प्रशिक्षिका कुमारी रीटा रानी ने छात्राओं के आत्म सुरक्षा शिविर का महत्व बताते हुए कहा कि महिलाएं हर समय अपनी सुरक्षा के लिए किसी अन्य पर निर्भर नहीं रह सकती। उन्हें अपनी सुरक्षा खुद करनी होगी, आत्मसुरक्षा के लिए हमेशा तैयार रहने के लिए आत्मसुरक्षा के गुर सीखने की जरूरत है। कुमारी रीटा रानी ने छात्राओं को आत्म सुरक्षा के गुर सिखाए और छात्राओं को प्रेरित किया कि वह भी लड़कों से किसी भी रूप से कमजोर नहीं है। कार्यक्रम की संयोजिका प्रो. मंजू ने कुमारी रीटा रानी का धन्यवाद किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रो. मीना, प्रो. कृतिका, प्रो. अनुराधा, प्रो. विरेन्द्र खटकड़ ने सहयोग दिया।

IV दैनिक जागरण पानीपत, 7 दिसंबर, 2022

## आत्म सुरक्षा के लिए हमेशा तैयार रहें: रीटा

कैथल : राजकीय महाविद्यालय कैथल में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में चल रही तीन दिवसीय आत्म सुरक्षा शिविर का समापन हो गया। इस मौके पर कालेज की प्राचार्या डा. रोजी गुप्ता ने सभी छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज के युग में छात्राओं को आत्म सुरक्षा के गुर सीखने की बहुत जरूरत है। इससे छात्राएं निडर होकर अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए प्रयास कर सकें। जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी के कार्यालय से वुशू प्रशिक्षिका कुमारी रीटा रानी ने छात्राओं के आत्म सुरक्षा शिविर का महत्व बताते हुए कहा कि महिलाएं हर समय अपनी सुरक्षा के लिए किसी अन्य पर निर्भर नहीं रह सकती। उन्हें अपनी सुरक्षा खुद करनी होगी, आत्म सुरक्षा के वास्ते हमेशा तैयार रहने के लिए गुर सीखने की बहुत जरूरत है। कुमारी रीटा रानी ने छात्राओं को आत्म सुरक्षा के गुर सिखाए और छात्राओं को प्रेरित किया की वह भी लड़कों से किसी भी रूप से कमजोर नहीं है। कार्यक्रम की संयोजिका प्रो. मंजू ने कुमारी रीटा रानी का धन्यवाद किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रो. मीना, प्रो. कृतिका, प्रो. अनुराधा, प्रो. विरेंद्र खटकड़ ने अपना पूरा सहयोग दिया। (जासं)


DR. B. R. AMBEDKAR GOVT. (P.G.)
COLLEGE, JAGDISHPURA, KAITHAL
WOMEN
CELL
CHILD LABOR
STOP


DR. B. R. AMBEDKAR GOVT. (P.G.)
COLLEGE, JAGDISHPURA, KAITHAL
WOMEN
CELL
CHILD LABOR
STOP


DR. B. R. AMBEDKAR GOVT. (P.G.)
COLLEGE, JAGDISHPURA, KAITHAL
WOMEN
CELL






WOMEN
CELL


DR. B. AMBEDKAR GOVT. (P.G.)
GDISHPURA, KAITHAL
WOMEN
CELL




DR. B. R. AMBE GOVT.
COLLEGE, JAGDI RA, KAI


DR. B. R. AMBEDKAR GOVT. (P.G.)
COLLEGE, JAGDISHPURA, KAITHAL